Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 01 November 2024

Dainik Jagran

लौह पुरुष ने नेतृत्व क्षमता से देश को किया एकजुट

वाक फार यूनिटी को रवाना करतीं गोवि की कुलपति प्रो. पूनम टंडन व विश्वविद्यालय के शिक्षक • सौ. गोवि

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

गोलघर काली मंदिर के सामने स्थापित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद उन्होंने वाक फार यूनिटी को रवाना किया। इस अवसर पर सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए कुलपति ने कहा कि उन्होंने अपनी अद्वितीय नेतृत्व क्षमता और अडिग संकल्प के बल पर भारत को एकजुट करने का कार्य किया। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके प्रयासों ने राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधने की दिशा में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। प्रो. टंडन ने छात्रों को सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो. शांतनु रस्तोगी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो.अनुभूति दूबे, चीफ प्राक्टर प्रो. गोपाल प्रसाद, हिन्दी के विभागाध्यक्ष प्रो. कमलेश गुप्ता, प्रो. एसके सिंह, प्रो. केआर त्रिपाठी, डा. कुशलनाथ मिश्र, डा. अमित उपाध्याय व डा. राजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

Hindustan

डीडीयू की कुलपति प्रो पूनम टंडन के नेतृत्व में गुरुवार को निकली वॉक फॉर यूनिटी के दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षक। • हिन्दुस्तान

सरदार पटेल का योगदान अमूल्य: वीसी

गोरखपुर, निज संवाददाता। डीडीयू की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 148वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पटेल चौराहा पे उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर वॉक फॉर यूनिटी का भी आयोजन किया गया।

कुलपति ने सरदार पटेल के अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी अद्वितीय नेतृत्व क्षमता और अडिग संकल्प के बल पर भारत को एकजुट करने का कार्य किया। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके प्रयासों ने राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधने की दिशा में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। प्रो. टंडन ने छात्रों को सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

Dainik Jagran

एफटीआइआइ प्रवेश परीक्षा में गोवि के हर्षित को तीसरा स्थान

जासं, गोरखपुर: गोवि के फाइन आर्ट के छात्र हर्षित गुप्ता ने प्रतिष्ठित फिल्म और टेलीविजन इंस्टीट्यूट आफ इंडिया (एफटीआइआइ) की प्रवेश परीक्षा में तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह सफलता प्राप्त करने वाले हर्षित विश्वविद्यालय के पहले छात्र हैं। सत्र 2023-24 में परास्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले हर्षित ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हिस्सा लिया था और विश्वविद्यालय के लिए कई पदक व पुरस्कार जीते थे। इस महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रति कुलपति प्रो. शांतनु रस्तोगी, अधिष्ठाता कला संकाय प्रो. राजवंत राव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अनुभूति दूबे, विभागाध्यक्ष प्रो. उषा सिंहआदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने हर्षित को बधाई देते हुए कहा है कि उनकी सफलता छात्रों और नवोदित कलाकारों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

Aaj

राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार पटेल को कुलपति ने श्रद्धासुमन अर्पित किया

गोरखपुर,३१ अक्टूबर। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर माननीय कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 148वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पटेल चौराहा पे उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक, छात्र एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।कुलपति प्रो. टंडन ने इस अवसर पर सरदार पटेल के अमूल्य योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी अद्वितीय नेतृत्व क्षमता और अडिग संकल्प के बल पर भारत को एकजुट करने का कार्य किया। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके प्रयासों ने राष्ट्र को एकता के सूत्र में बाँधने की दिशा में ऐतिहासिक भूमिका निभाई।

प्रो. टंडन ने छात्रों को सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र के प्रति समर्पण और एकता के संकल्प के साथ हुआ।

Hindustan

एफटीआईआई प्रवेश परीक्षा में हर्षित को तीसरा स्थान

गोरखपुर, निज संवाददाता। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट के छात्र हर्षित गुप्ता ने प्रतिष्ठित फिल्म और टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) की प्रवेश परीक्षा में तीसरा स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया है। इसमें एक हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था, जिनमें से सिर्फ 10 का ही चयन हुआ है। एफटीआईआई नवोदित कलाकारों, फिल्म निर्माताओं और सृजनकर्ताओं को सशक्त अवसर प्रदान करता है।

हर्षित गुप्ता एफटीआईआई की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालय के पहले छात्र बन गए हैं। हर्षित ने समर्पण, कौशल और कला के प्रति प्रतिबद्धता से उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि पर प्रति कुलपति प्रो. शांतनु रस्तोगी, अधिष्ठाता कला संकाय प्रो. राजवंत राव, डीएसडब्ल्यू प्रो. अनुभूति दूबे, विभागाध्यक्ष प्रो. उषा सिंह, डॉ गौरी शंकर चौहान, डॉ प्रदीप राजोरिया, डॉ प्रदीप साहनी आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

हर्षित गुप्ता, छात्र, डीडीयू।

■ एफटीआईआई में चयनित होने वाले गोरखपुर विश्वविद्यालय के पहले छात्र बने हर्षित गुप्ता

राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भी जीता था पुरस्कार

हर्षित ने सत्र 2023-24 में एमए उत्तीर्ण किया है। पिछले सत्र में उन्होंने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय के लिए कई पदक और पुरस्कार जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। इससे विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट विभाग को भी पहचान दिलाई है। कुलपतिने हर्षित गुप्ता को बधाई और दी है। कहा कि हर्षित की उपलब्धियां फाइन आर्ट विभाग द्वारा रखी गई मजबूत कलात्मक नींव को दर्शाती हैं।

Amar Ujala

एफटीआईआई प्रवेश परीक्षा में डीडीयू के छात्र को तीसरा स्थान

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट के छात्र हर्षित गुप्ता ने प्रतिष्ठित फिल्म और टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) की प्रवेश परीक्षा में तीसरा स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया। इसमें एक हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था, जिनमें से सिर्फ 10 का ही चयन हुआ है। एफटीआईआई नवोदित कलाकारों, फिल्म निर्माताओं और सृजनकर्ताओं को सशक्त अवसर प्रदान करता है। हर्षित गुप्ता एफटीआईआई की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालय के पहले छात्र बन गए हैं। हर्षित ने समर्पण, कौशल और कला के प्रति प्रतिबद्धता से उपलब्धि हासिल की है।

हर्षित। संवाद

एफटीआईआई में चयनित होने वाले विश्वविद्यालय के पहले छात्र बने

राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भी जीता था पुरस्कार

हर्षित ने सत्र 2023-24 में एमए उत्तीर्ण किया है। पिछले सत्र में उन्होंने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय के लिए कई पदक और पुरस्कार जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। इससे विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट विभाग को भी पहचान दिलाई है।

अपने अनोखे कलात्मक दृष्टिकोण और उत्कृष्टता की लगातार खोज के लिए पहचाने जाने वाले हर्षित की यह यात्रा उनके सहपाठियों और गुरुओं के लिए प्रेरणादायक रही है।

उपलब्धि पर प्रति कुलपति प्रो. शांतनु रस्तोगी, अधिष्ठाता कला संकाय प्रो. राजवंत राव, डीएसडब्ल्यू प्रो. अनुभूति दूबे, विभागाध्यक्ष प्रो. उषा सिंह ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

Inext

एफटीआईआई में हर्षित को मिला तीसरा स्थान

GORAKHPUR (31 Oct):दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट विभाग के प्रतिभाशाली छात्र हर्षित गुप्ता ने प्रतिष्ठित फिल्म और टेलीविज़न इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) की प्रवेश परीक्षा में तीसरा स्थान हासिल कर डीडीयू का नाम रोशन किया है. राष्ट्रीय स्तर की इस महत्वपूर्ण परीक्षा में एक हजार स्टूडेंट्स में से 10 को संस्थान के लिए चयनित किया गया है. इसमें भी तीसरा स्थान प्राप्त करना हर्षित की प्रतिभा को दर्शाता है.

Amar Ujala Select

एफटीआईआई प्रवेश परीक्षा में डीडीयू के छात्र हर्षित गुप्ता को तीसरा स्थान

एफटीआईआई में चयनित होने वाले विश्वविद्यालय के पहले छात्र बने

विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा : कुलपति